उत्तर प्रदेश शासन
बेसिक शिक्षा अनुभाग–5
संख्या– 2063/68–5–~~2020,~~ 2019
लखनऊ: दिनांक : 24 फरवरी, 2020

कार्यालय–ज्ञाप

शिक्षा निदेशक, बेसिक के कार्यालय पत्रांक–बे0शि0प0 / 19802–05 / 2019–20, दिनांक 15.06.2019 एवं पत्रांक–शि0नि0(बे0) / डी0ई0 / 947 / 2019–20, दिनांक 26.07.2019 के द्वारा बेसिक शिक्षा परिषद कार्यालय प्रयागराज, बेसिक शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज के अधीन खण्ड शिक्षा अधिकारियों तथा लिपिक संवर्ग के कर्मियों के सेवा प्रकरण संबंधी अनुभाग एवं वित्त नियंत्रक, बेसिक शिक्षा परिषद कार्यालय को जनपद प्रयागराज से साक्षरता निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ स्थानान्तरित किये जाने का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

2– शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त प्रशासनिक सुगमता, कार्यहित एवं मितव्ययिता के दृष्टिगत सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद कार्यालय प्रयागराज, बेसिक शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज के अधीन खण्ड शिक्षा अधिकारियों तथा लिपिक संवर्ग के कर्मियों के सेवा प्रकरण संबंधी अनुभाग एवं वित्त नियंत्रक, बेसिक शिक्षा परिषद कार्यालय को समयबद्ध रूप से जनपद प्रयागराज से साक्षरता निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ में स्थानान्तरित किये जाने का निर्णय लिया गया है। स्थानान्तरण के फलस्वरूप रिक्त हुए भवनों के मरम्मत के पश्चात इसका उपयोग बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यालयों के उपयोगार्थ ही किया जायेगा।

कृपया तदनुसार अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

(रेणुका कुमार)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– महालेखाकार, प्रथम, लेखा एवं हकदारी, उ0 प्र0, प्रयागराज।
2– महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
3– राज्य परियोजना निदेशक, सर्व शिक्षा अभियान, उ0प्र0 लखनऊ।
4– निदेशक, मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण / एस0सी0ई0आर0टी0 / बेसिक / साक्षरता एवं वैकल्पिक शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ।
5– सचिव, बेसिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 प्रयागराज।
6– वित्त नियंत्रक, बेसिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 प्रयागराज।
7– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(उमेश कुमार तिवारी)
उप सचिव ।

U.O.-Letter-1510.doc